पेज थ्री देहरादून

सम्पूर्ण लॉकडाउन के दूसरे दिन राजधानी दून का नजारा।





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### लॉकडाउन का गुरु सिंह सभा एवं सभी गुरुद्वारे सख्ती से करेंगे पालन

**संवाददाता** देहरादून। देश में कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में पूरे देश में संपूर्ण लॉकडाउन की 14 अप्रैल तक घोषणा की है जिसके चलते गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा एवं एवं सभी गुरुद्वारे इसका सख्ती से पालन करेंगे। इस अवसर पर समाज एवं राष्ट्रीयहित को देखते हुए संपूर्ण देशवासियों को 21 दिन के लिए घरों से नहीं निकलना, घर पर रहें, और सिर्फ घर पर रहें। अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजन ने कहा कि संगत घरों से बाहर निकलने में पूरी तरह पाबंदी रखें। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमिंदर सिंह छाबड़ा ने कहा कि अगर संगत नहीं मानी तो कर्फ्यू लगने के पूरे आसार होंगे। गुरुद्वारा में पूर्ण हिदायतें बरती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जान है तो जहान है।

### दुकानों से खाद्य सामग्री की खरीद–फरोख्त निर्धारित समय पर ही सुनिश्चित की जाए

**संवाददाता** हल्द्वानी। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रदेश में लॉककडाउन घोषित है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि लॉक डाउन के दौरान जनपद में आवश्यक सेवाएं यथा–डीजल, पेट्रोल, गैस, सब्जी, राशन एंव खाद्य पदार्थो की आपूर्ति सुचारु रखने हेतु सम्बंधित सामग्रियों का परिवहन करने वाले वाहनों को लॉक डाउन के प्रतिबंध से व्यवधान रहित रखा गया है। जिलाधिकारी बंसल ने कहा कि दुकानें प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक खोली जाएंगी। दुकानों से खाद्य सामग्री की खरीद–फरोख्त निर्धारित समय पर ही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी सस्ता गल्ला दुकानें भी निर्धारित समय प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक ही खुलेंगी।

### विधायकों से विधायक निधि से 15–15 लाख की धनराशि देने की अपील

**संवाददाता** हल्द्वानी। कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए वायरस संदिग्ध मरीजों की जांच–उपचार एवं अन्य चिकित्सकीय सेवाओं हेतु मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी विधायकों से अपनी विधायक निधि से 15–15 लाख की धनराशि देने की अपील की थी। जिसके मद्देनजर जनपद के 6 विधायकों ने मुख्य विकास अधिकारी विनीत कुमार को 65 लाख की धनराशि कोरोना वायरस नियंत्रण हेतु अपने–अपने स्वीकृति पत्र दिये हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी को तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी को धनराशि अवमुक्त के निर्देश दिये ताकि अतिशीघ्र दवायें, उपकरण खरीद व अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित करने हेतु 65 लाख स्वास्थ्य विभाग को अवमुक्त किये जा सकें।

## विस अध्यक्ष ने किया सफाई कर्मचारियों को सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा परिसर, देहरादून में आज उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कोरोना महामारी के दौरान भी स्वच्छता एवं सफाई को बनाए रखने व समाज को अपनी सेवायें सुचारु रूप से देने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा परिसर में कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को जोकि लगातार कोरोना संक्रमण के दौरान भी अपने कार्य को मुस्तैदी से कर रहे हैं ऐसे सफाई कर्मचारियों को बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण से पूरे देश में लॉकडाउन होने के पश्चात भी कुछ सेवाएं ऐसी हैं जो लगातार इस महामारी का डटकर मुकाबला करने में अपनी–अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं जिसमें डॉक्टर, पुलिस, मीडिया, सफाईकर्मी आज भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर जिंदगियां बचाने में जुटे हैं, पुलिस लोगों से जनता कर्फ्यू का पालन करवा रही है, तो मीडिया कोरोना से जुड़ी देश–दुनिया की तमाम हलचलें हम तक पहुंचा रहा है, सफाईकर्मी सैनिटाइज करने के साथ साथ स्वच्छता को बनाए रखने में पूरे देश में राष्ट्र रक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। अग्रवाल ने सभी राष्ट्र रक्षकों को अपना आभार व्यक्त किया है।

# तीन घंटे की छूट मिलते ही खरीददारी के लिए उमड़े लोग

**लॉकडाउन**

**संवाददाता**

छूट के दौरान सड़कों पर होता रहा वाहनों का आवागमन

आढ़त बाजार में चावल तथा आटे लेने को रही मारामारी



देहरादून। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्तराखंड लॉकडाउन में सुबह सात बजे से सुबह 10 बजे तक की छूट के चलते लोगों का जरूरी सामान लेने के लिए लोग सड़कों पर आये और अपना जरूरी सामान लेकर अपने घर वापस लौट गये। वहीं आढ़त बाजार में लोगों में आटा, चावल लेने के लिए मारामारी रही। आज घंटाघर पर सुबह सात बजे से लेकर सुबह दस बजे तक वाहनों व लोगों का आवागमन आवश्यक वस्तुओं को खरीदने की छूट में होता रहा। लॉकडाउन के चलते मिली छूट का लोगों ने भरपूर लाभ उठाया और खाने पीने के सामान की खरीददारी के लिए बाहर निकले। आसपास के क्षेत्रों में सड़कों पर वाहनों का आवागमन होता रहा। प्रमुख बाजार पूरी तरह से बंद रहे।

इस दौरान आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुली रही। लोगों ने अपनी जरूरत का सामान भी खरीदा। इसके बावजूद मोती बाजार स्थित छोटी सब्जी मंडी में काफी भीड़भाड़ रही। लोगों ने जमकर फल एवं सब्जियों की खरीददारी की। यहां पर पुलिस की भी व्यवस्था की गई थी। पुलिस की गाड़ियां लगातार सूचना प्रसारित करती जा रही थी कि दस बजे से पहले अपने अपने घरों में चले जायें। इस बीच लोगों ने जल्दी–जल्दी अपनी जरूरत की सब्जियां व फल खरीदे और साढ़े बजे तक मंडी को खाली करा दिया गया। रेलवे स्टेशन व मसूरी बस अड्डे पर पूरी तरह से बैरीकेडिंग लगाई गई और किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा था। पुलिस की सख्ती के चलते लॉकडाउन कर दिया गया।

एम्बुलेंस, नगर निगम, बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों, मीडिया कर्मी व आवश्यक सेवाओं के साथ ही इक्का दुक्का वाहन चालक ही सड़कों पर नजर आये। पुलिस ने कहा कि अनावश्यक रूप से बाहर आने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। कहा कि अनावश्यक रूप से बाहर आने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस बीच धर्मपुर, विधानसभा चौक, नेहरू कालोनी, मोहकमपुर, हर्रावाला, बालावाला, तुनवाला, नैशविला रोड, छह नंबर पुलिस, नेहरू कालोनी, अंबीवाला गुरूद्वारा, हरिद्वार रोड, प्रेमनगर, पंडितवाडी, राजपुर रोड, दर्शनी गेट, गढ़ी कैंट, बल्लूपुर चौक, बल्लीवाला चौक, जीएमएस रोड़, प्रेमनगर, सहारनपुर रोड, पटेलनगर, चकराता रोड, तिलक रोड, रेसकोर्स, त्यागी रोड, रैस्ट कैम्प, सहित आसपास के क्षेत्रों में दुकानें खुलते ही लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई।

# शिक्षकों ने सरकार के सहयोग को हाथ बढ़ाया

**निर्णय**

■ अपने वेतन से दो–दो हजार रुपये सहयोग स्वरूप मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय

देहरादून। **संवाददाता**

कोरोना महामारी से लड़ने के लिए तमाम कर्मचारी संगठन सरकार से साथ खड़े हो रहे हैं। इसी क्रम में दून के प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षक भी आगे आए हैं। उन्होंने अपने वेतन से दो–दो हजार रुपये सहयोग स्वरूप मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय लिया है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक संघ और उत्तराखंड जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद देहरादून के शिक्षकों ने कोरोना महामारी को देखते हुए सरकार के सहयोग को हाथ बढ़ाया है। संघ से जुड़े 3400 शिक्षक अपने वेतन से दो–दो हजार रुपये राहत कोष में देंगे। इस प्रकार ये राशि कुल 68 लाख रुपये होगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिख जानकारी दी गई है। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कृषाली ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हमें साथ मिलकर सरकार का सहयोग करना होगा। कोरोना महामारी से लड़ने के लिए हमें आर्थिक रूप से अपना योगदान देना होगा। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से अपनी क्षमता के अनुरूप आर्थिक सहयोग करने की अपील की है।

देश में बढ़ते कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने के लिए रुद्रप्रयाग में जनरल–ओबीसी इम्पलाइज एसोसिएशन ने डीएम को स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए एक लाख रुपये की धनराशि का चेक दिया है।

### अधिकारी, कर्मी बने रहेंगे मुख्यालय पर

कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान लॉकडाउन में जिला प्रशासन ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों को मुख्यालय पर बने रहने के निर्देश जारी किए हैं। चमोली जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। लिहाजा किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की जरूरत कभी भी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की अवधि में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ना दंडनीय अपराध माना जाएगा और संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान अपर जिला मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## कोरोना वायरस से बचाव को चलाया जागरुकता कार्यक्रम

**संवाददाता** देहरादून। उत्कर्ष फाउंडेशन संस्था के तत्वावधान में देश में फैल रही वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष शिल्पी शर्मा ने बताया कि कोरोना से लड़ने व उसे हराने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा लोगों को बाहर न निकलने के साथ ही साथ सरकार को सहयोग करने, साफ सफाई रखने, बार बार हाथों को धोने, किसी अनजान व्यक्ति के संपर्क में न आने की अपील की गई है। इस अवसर पर उन्होंने लॉकडाउन के प्रति भी लोगों को व्यापक स्तर पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष अनुशा राव ने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहें व भ्रामक जानकारी न फैलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से बचने के लिए हाथों को नियमित रूप से धोते रहना चाहिए और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिए और बचाव में ही सुरक्षा है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।